*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ

पंतनगर। 29 अगस्त 2025। हॉकी के जादूगर 'मेजर ध्यानचन्द जी की जयंती' के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्टीवेन्सन स्टेडियम, में 29–31 अगस्त 2025 तक आयोजित की जाने वाली तीन–दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कुलपति एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मेजर ध्यानचन्द जी को श्रद्धाजंलि दी गयी। इस अवसर पर डा. चौहान ने समस्त छात्र–छात्राओं एवं संकायगणों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट एवं मजबूत रहने एवं खेलों में उत्कृष्टता हेतु शपथ दिलायी एवं 'एक घण्टा खेल के मैदान में' के रूप में छात्रों एवं छात्राओं की ''क्रास कन्ट्री रेस' का शुभारम्भ भी किया। 'क्रास कन्ट्री रेस' में लगभग 450 छात्राओं तथा 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पुरूष वर्ग में आर्यन कुमार, टैगोर भवन, प्रथम स्थान; कनिष्क वर्मा, पंत भवन, द्वितीय स्थान; एवं करन सिंह रावत, जरनल विपिन्न सिंह रावत, तृतीय स्थान पर रहे तथा महिला वर्ग में शिवानी साह, सुभाष भवन, प्रथम स्थान; ज्योति, मंदाकीनी भवन, द्वितीय स्थान एवं स्नेहा चन्द्र, गांधी भवन, तृतीय स्थान पर रहीं। इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनन्द सिंह जीना के संरक्षण में डा. पूनम त्यागी, डा. जी.एस. वोहरा, डा. भास्कर तिवारी डा. एच. एस. पपोला एवं डा. गुरविन्दर सिंह द्वारा किया गया।

